राज्य निर्वाचन आयोग
बिहार
STATE ELECTION COMMISSION, BIHAR

पत्र संख्या–प0नि0 30–06/2023– 3137

प्रेषक,

मुकेश कुमार सिन्हा,
सचिव,
राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार।

सेवा में,

सभी जिला पदाधिकारी–सह–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी (पंचायत), बिहार।

पटना, दिनांक –01 **सितम्बर, 2023**

विषय :– पंचायत उप निर्वाचन, 2023 : फोटोयुक्त मतदाता सूची की तैयारी के संबंध में।
प्रसंग :– आयोग का पत्रांक 2882 दिनांक 08.08.2023

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि प्रासंगिक पत्र द्वारा पंचायत उप निर्वाचन कराये जाने के निमित्त दिनांक 01.01.2023 की अर्हता के आधार पर फोटोयुक्त मतदाता सूची की तैयारी करने हेतु विस्तृत दिशा निदेश दिये गये हैं।

विदित है कि बिहार पंचायत राज अधिनियम, 2006 की धारा 126 के आलोक में राज्य विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की **उस समय लागू निर्वाचक नामावली** के आधार पर मतदाता सूची आयोग द्वारा तैयार कराया जाना है। वर्त्तमान में यह संज्ञान में आया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची की अर्हता तिथि 01 जनवरी के अतिरिक्त निम्न रूप से निर्धारित किये गये है– 01st April, 01st July and 01st October of the year.

उक्त परिप्रेक्ष्य में आयोग द्वारा निम्न निदेश दिये गये हैं :–

(क) वर्तमान में दिनांक 01.04.2023 एवं 01.07.2023 की अर्हता पर विधानसभा का पूरक मतदाता सूची उपलब्ध है। जिसे निर्वाचन विभाग से प्राप्त किये जाने की कार्रवाई की जा रही है। पूरक मतदाता सूची प्राप्त होने पर संबंधित प्रा0निर्वा0क्षे0 हेतु तैयार किये जा रहे मतदाता सूची में संबंधित मतदाता को सम्मिलित करने की कार्रवाई की जायेगी।

(ख) उक्त आलोक में फोटोयुक्त मतदाता सूची की तैयारी संबंधी सभी क्रियाकलाप को अगले आदेश के लिए स्थगित कर दिया गया है। इस संबंध में नये कार्यक्रम की सूचना अलग से दी जायेगी।

(ग) मतदाता सूची की तैयारी के क्रम में **अबतक किये गये कार्य से संबंधित सभी कागजात को सुरक्षित रखी जाय** ताकि पूरक मतदाता सूची संबंधी डाटा प्राप्त होते ही संबंधित मतदाता को सम्मिलित करते हुए अग्रेत्तर कार्रवाई की जा सके।

उक्त परिप्रेक्ष्य में अनुरोध है कि तदनुसार कार्रवाई की जाय एवं ततसंबंधी निदेश से सभी संबंधित को अवगत कराने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन,
01/IX/23
सचिव।

ज्ञापांक प0नि0 50–06/2023– 3137 पटना, दिनांक–01 **सितम्बर, 2023**

प्रतिलिपि : आई.टी. प्रबंधक, राज्य निर्वाचन आयोग को बेवसाईट पर पत्र अपलोड कराने हेतु प्रेषित।

01/IX/23
सचिव।

1.9.23

Sone Bhawan, 3rd Floor, Birchand Patel Marg, Patna – 800 001, Phone 2506826, 2506917, 2506844, 2506994 Fax: 0612-2507847] E-mail: secbihar@gmail.com

Comp.4E:\ukumar\Panchayat Bye Election_2023\Panchayat Election Letter 2023

ज्ञापांक प0नि0 50—06/2023— 3137 पटना, दिनांक— 01 **सितम्बर, 2023**
प्रतिलिपि : सभी प्रमंडलीय आयुक्त, बिहार को सूचनार्थ प्रेषित।

01/IX/23
सचिव।

ज्ञापांक प0नि0 50—06/2023— 3137 पटना, दिनांक— 01 **सितम्बर, 2023**
प्रतिलिपि : सचिव, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

01/IX/23
सचिव।

ज्ञापांक प0नि0 50—06/2023— 3137 पटना, दिनांक— 01 **सितम्बर, 2023**
प्रतिलिपि : अपर मुख्य सचिव, पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

01/IX/23
सचिव।